कार्यालय जिलाधिकारी, श्रावस्ती।

संख्या– 215 /आर0ए0–नौ–शास0अधि0आब0/2026 दिनांक 02 नवम्बर, 2026

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संयुक्त सचिव, उ0प्र0 शासन न्याय अनुभाग–3 (नियुक्तियां) के शासनादेश संख्या–I/1509362/2026 दिनांक 30.10.2026 के अनुक्रम में जनपद में रिक्त, जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) का 01 पद के सापेक्ष नियुक्ति हेतु पैनल शासन को उपलब्ध कराया जाना है। जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) के पद हेतु ऐसे अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं कि जिन्होनें विधि व्यवसाय में कम से कम 10 वर्षों तक विधि व्यवसाय के कार्यकाल का अनुभव पूर्ण कर लिया हो तथा आवेदक की आयु 60 वर्ष से कम होनी चाहिए।

उक्त पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक सामान्य वर्ग, पिछड़े वर्ग एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अधिवक्ता जो पद से सम्बन्धित योग्यता रखते हों, अपना आवेदन पत्र एवं संलग्न प्रारूप–क, ख तथा समस्त सत्यापित विवरण/प्रमाणपत्रों सहित दो प्रतियों में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), श्रावस्ती के समक्ष या कलेक्ट्रेट के कक्ष संख्या–18 राजस्व अभिलेखागार में राजस्व सहायक को दिनांक 23.11.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि दिनांक 23.11.2026 के पश्चात् प्राप्त अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

उक्त पद की नियुक्ति निर्धारित अवधि के लिए व्यावसायिक आबद्धता के रूप में की जायेगी और राज्य सरकार को किसी भी समय बिना कोई कारण बताये आबद्धता समाप्त करने का अधिकार होगा। समीपवर्ती जनपदों के अधिवक्ता भी जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) के उपरोक्त पदों के लिए अपने जनपद के जिलाधिकारी के माध्यम से आवेदन पत्र निर्धारित अवधि के अन्दर भेज सकते है।

संलग्नक–आवेदन पत्र का प्रारूप।

(अन्नपूर्णा गर्ग)
जिलाधिकारी,
श्रावस्ती।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, न्याय अनुभाग–3 (नियुक्तिया), लखनऊ।
2. विशेष सचिव एवं अपर विधि परामर्शी, उ0प्र0 शासन, न्याय अनुभाग–3 (नियुक्तिया), लखनऊ।
3. आयुक्त, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा।
4. माननीय जनपद न्यायाधीश, श्रावस्ती।
5. जिलाधिकारी, बहराइच, गोण्डा, बलरामपुर।
6. समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार, जनपद श्रावस्ती।
7. सहायक सूचना निदेशक, श्रावस्ती को व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए विज्ञप्ति को जनपद के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ।
8. अध्यक्ष/मंत्री, जिला/तहसील बार एशोसिएशन, श्रावस्ती।
9. नाजिर सदर, कलेक्ट्रेट श्रावस्ती को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

जिलाधिकारी,
श्रावस्ती।

आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदन पत्र सम्बोधित किये जाने वाले अधिकारी का पदनाम.....

आवेदित पद का नाम :–

1. आवेदक का पूरा नाम–.....
2. पिता का नाम–.....
3. पूरा पता (स्थाई/अस्थाई).....
4. मोबाइल नम्बर.....
5. शैक्षिक योग्यता.....
6. जन्म तिथि.....
7. अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/पिछड़ी जाति.....
8. विधि व्यवसाय में कार्य करने की अवधि एवं अनुभव.....
9. अधिवक्ता (एडवोकेट) बनने की तिथि.....
10. वकालत प्रारम्भ करने की तिथि.....
11. किस कानून की वकालत करते हैं.....
12. हिन्दी/उर्दू का ज्ञान.....
13. विगत दो वर्षों में न्यायालयों में किये गये कार्यों का सत्यापित विवरण, जिसमें सफलता का प्रतिशत् स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए।
14. पिछले तीन वर्षों में विधि व्यवसाय कीआय पर उनके द्वारा अदा किये गये आयकर की धनराशि और यदि आयकर न लगाया गया हो तो उनके द्वारा भेजी गयी आयकर विवरणी, यदि कोई हो।
15. क्या कोई दूसरा पद अथवा सरकारी वकील/ओथ कमिश्नर नोटरी, एम्यूकस क्यूरीआदि का धारण करते हैं, यदि हॉ तो कौन सा पद तथा आवेदित पद पर नियुक्ति हो जाने पर क्या उस पद से त्याग पत्र दे देंगे।
16. राजनीति में भाग लेने की दशा में आवेदक यह अण्डरटेकिंग दे कि सरकारी वकील के पद पर नियुक्ति होने पर राजनीति से अपना सम्बन्ध विच्छेद कर लेंगे।
17. संलग्न सूची प्रपत्र (क) तथा (ख) में विवरण।
18. पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाणपत्र।
19. अन्य विवरण

प्रारूप–क

कमांक	नाम	शैक्षिक योग्यता	जन्मतिथि	वकालत प्रारम्भ करने की तिथि	एडवोकेट बनने की तिथि तथा अनुभव	किस कानून की वकालत करते हैं	आयकर दाता		हिन्दी का ज्ञान	
							है	नहीं	है	नहीं
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11

प्रारूप–ख

सत्यापित कार्य विवरण में सम्बन्धित व्यक्ति की सफलता के प्रतिशत् का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए

क0सं0	दो वर्षों की अवधि का उल्लेख तथा कार्य विवरण सत्यापित है/नहीं।	सत्र परीक्षण फौजदारी वाद हेतु				अपील रिवीजन			
		कुल किये गये वादों की संख्या	अवमुक्त वादों की संख्या	दोष–सिद्ध वादों की संख्या	सफलता का प्रतिशत्	मुकदमें सरकार की ओर से किये गये अथवा निजी लोगों की ओर से	कुल संख्या	कितने में सफलता प्राप्त हुई	सफलता का प्रतिशत्
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

आवेदक का हस्ताक्षर तिथि सहित

आवेदक का पूरा नाम स्पष्ट अक्षरों में।